आई टी एल पब्लिक स्कूल

पूर्व वार्षिक परीक्षा (2025-26)

विषय- हिंदी

दिनांक ः मार्च 2026 उत्तर -पत्रक कक्षाः चतुर्थ

समय ः 2 घंटे कुल अंक ः 50

नाम ः ------------ निरीक्षक हस्ताक्षरः----

अनुक्रमांकः ----

सामान्य निर्देश- 1) इस उत्तर -पत्रक में 4 पृष्ठ, 4 भाग और कुल 12 प्रश्न हैं।

2) सभी प्रश्न अनिवार्यहैं। 3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क पठन कौशल | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br>दिल्ली मेट्रो आज दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की धड़कन बन चुकी है। इसकी शुरुआत 25 दिसंबर 2002 को हुई थी। उस समय यह केवल शाहदरा से तीस हज़ारी के बीच चलती थी, लेकिन आज इसका जाल पूरे शहर में फैल चुका है। मेट्रो रेल जमीन के ऊपर पुलों पर और जमीन के नीचे सुरंगों में भी दौड़ती है। इसके डिब्बे पूरी तरह वातानुकूलित होते हैं, जिससे यात्रियों को गर्मी का अहसास नहीं होता।मेट्रो की सबसे बड़ी खूबी इसकी समयबद्धता और सफ़ाई है। स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियाँ और लिफ्ट की सुविधा है, जो बुजुर्गोंऔर छोटे बच्चों के लिए बहुत सुविधाजनक है। यात्रा के लिए यात्री 'स्मार्टकार्ड' या 'टोकन' का उपयोग करते हैं। मेट्रो में यात्रा करते समय कुछ नियमों का पालन करना अनिवार्यहै, जैसे—दरवाजों से सटकर न खड़े होना, पीली पट्टी से पीछे रहना और कचरा न फैलाना। यह न केवल प्रदूषण कम करती है बल्कि सड़कों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से भी हमें बचाती है। | |
| (अ) | दिल्ली मेट्रो की पहली सेवा किन दो स्थानें के बीच शुरू हुई थी?<br>(क) कश्मीरी गेट से नोएडा (ख) शाहदरा से तीस हज़ारी (ग) राजीव चौक से गुड़गाँव | |
| (ब) | मेट्रो में यात्रा करने के लिए किन साधनों का प्रयोग किया जाता है?<br>(क) कागज़ की टिकट (ख) केवल नकद पैसे (ग) स्मार्ट कार्ड या टोकन | |
| (स) | मेट्रो रेल पर्यावरण की रक्षा में कैसे मदद करती है?<br>(क) धुआँ छोड़कर (ख) प्रदूषण कम करके और ट्रैफिक घटाकर (ग) शोर मचाकर | |
| (द) | मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध किन्हीं दो सुविधाओं के नाम लिखिए<br>उत्तर 1स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियाँ और लिफ्ट की सुविधा है।<br>2यात्रा के लिए यात्री 'स्मार्टकार्ड' या 'टोकन' का उपयोग करते हैं। | |
| (य) | मेट्रो में यात्रा करते समय यात्रियों कोकिन सावधानियों को रखना ज़रूरी है?<br>उत्तर मेट्रो में यात्रा करते समय कुछ सावधानियों का ध्यान रखना ज़रूरी हैजैसे—दरवाजों से सटकर न खड़े होना, पीली पट्टी से पीछे रहना और कचरा न फैलाना। | |

| | | |
|---|---|---|
| | भाग -ख भाषा कौशल | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण शब्द भरें।<br>(क) स्कूल में ----अच्छे-------------- बच्चे समय पर पहुँचते हैं।<br>(ख) -----कुछ-------बकरियाँ तालाब में पानी पीती हैं।<br>(ग)नीतू ने --थोड़ा सा------------आटा दान में दिया।<br>(घ) रोहन ने----चार--------------चिड़ियों को दाना खिलाया। | |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित वाक्यों में से विशेष्य शब्द छाँट कर लिखें।<br>(क) मोहन एक किलो जलेबी रोज़ बाँटता है।<br>(ख)विशाल भवन में सभा हो रही है।<br>(ग)उस खिलौने के लिए बच्चा जिद्द कर रहा है।<br>(घ)मंदिर में लाल झंडा लगाओ । | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँट कर लिखें।<br>(क)दुकानदार ने एक दर्जन मौसमी का जूस बनाया।<br>(ख) मुझे भी थोड़ा- सा पानी दे दो।<br>(ग) दस ग्राम सोने की अँगूठी बनवाओ।<br>(घ)कुछ लोग स्कूल के बाहर जंक फूड बेचकर मुनाफा कमा रहेहैं। | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।<br>(क) जो याद रखने योग्य हो - स्मरणीय (ख)जो क्षमा के योग्य हो -क्षम्य<br>(ग) देश- विदेश में घूमने वाला - पर्यटक (घ) बड़ा भाई-अग्रज | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित शब्दों के लिए वाक्यांश लिखिए।<br>(क) निराकार- जिसका कोई आकार ना हो (ख)सदाचारी -जिसका आचरण अच्छा हो<br>(ग)वाचाल-जो अधिक बोलता हो | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 7 | किसने, किससे कहा?<br>(क)क्षमा कर दीजिए महाराज! अब मैं भूलकर भी ऐसा काम नहीं करूँगा। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (क)धन्नू शाह ने महाराज से कहा।<br>(ख)अवश्य जान -बूझकर हार रहा है।<br>(ख)दरबारियों ने आपस में कहा।<br>(ग) वास्तव में 'लगरांज' 18वीं सदी में इटली का एक गणितज्ञ था जिसनेइस विशिष्ट बिंदु के विषय में बताया था।<br>(ग)अध्यापक ने छात्रों से कहा। | |
| प्रश्न 8 | रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें।<br>(क)हाय तेनाली! तुम्हारी —बुद्धि———— ने हमें फिर मात दी।<br>(ख) सूर्य हाइड्रोजन और —हीलियम——गैसों का गोला है।<br>(ग) भारत के पहले सूर्य मिशन का नाम—आदित्य एल 1——— है।<br>(घ)मदन रास्ते में जो देखता उसे———कविता————में पिरो देता। | |
| प्रश्न 9 | दिए गए तथ्यों को सही करके वाक्य दोबारा लिखें।<br>(क) राजा ने हारने के डर से दंड वापिस ले लिया था।<br>(क) राजा ने मृत्यु के डर से दंड वापिस ले लिया था।<br>(ख) 'आदित्य' मिशन का उद्देश्य चाँद की सतह की जाँच करना है।<br>(ख) 'आदित्य' मिशन का उद्देश्य सूरज की सतह की जाँच करना है।<br>(ग) मदन की कहानी से प्रसन्न होकर राजा ने उसे मोतियों की माला पुरस्कार में दी।<br>(ग) मदन की कविता से प्रसन्न होकर राजा ने उसे सोने -चाँदी से मालामाल कर दिया।<br>(घ) मदन ने धन्नू शाह को राजा समझ लिया।<br>(घ) मदन ने धन्नू शाह को राज कर्मचारी समझ लिया। | |
| प्रश्न10 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दोंमें दें।<br>(क) दरबारियों ने राजा को तेनालीरामन को फँसाने के लिए क्या कहा?<br>उत्तर: दरबारियों ने राजा से कहा कि तेनालीरामन बहुत कुशल शतरंज खिलाड़ी हैं और उन्होंने कई बड़े-बड़े शतरंज खिलाड़ियों को भी हरा दिया है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) "आदित्य-एल 1 चंद्रयान के प्रकार का ही एक यान है।" अध्यापक ने ऐसा अपने विद्यार्थियों से क्यों कहा?<br>उत्तर: अध्यापक ने ऐसा विद्यार्थियों को आसानी से समझाने के लिए कहा क्योंकि वे चंद्रयान -1, 2 तथा 3 के विषय में काफ़ी बातों को पहले से ही जानते थे।<br>(ग) जब मदन ने महल का रास्ता पूछा तो धन्नू शाह ने ऐसा क्यों कहा कि अगर वह नहीं तो और कौन जानेगा?<br>उत्तर धन्नू शाह ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह स्वयं महल में चोरी की योजना बना रहा था जिसके कारण उसे महल का रास्ता अच्छे से पता था।<br>(घ)आपको पाठ 'शतरंज में मात' में कौन -सी बात सबसे अच्छी लगी व क्यों?<br>उत्तरः इस पाठ से हमें यह बात सबसे अच्छी लगी कि तेनाली अपने खिलाफ रचे गए षड़यंत्र से भी घबराया नहीं बल्कि उसने मुश्किल स्थिति में चतुराई से काम लेकर रास्ता निकाला। यह पाठ हमें सिखाता है कि दूसरों की जलन को नज़रअंदाज़ कर अपनी मेहनत और बुद्धि से सम्मान कमाया जा सकता है। | |
| प्रश्न 11 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दें। (कोई दो)<br>(क) हमारे देश के लिए आदित्य- एल 1 किस प्रकार महत्वपूर्णहै?<br>उत्तर हमारे देश के वैज्ञानिकों ने आदित्य- एल 1 का निर्माण सूर्य के बारे में विभिन्न जानकारियाँ जुटाने; जैसे- यह किस समय कैसा होता है, इसकी आग का ताप कैसा होता है, ताप का प्रभाव कैसा होता है आदि के लिए किया। इसके प्रक्षेपण से हमारा देश अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में सूर्य के रहस्यों का पता लगाता हुआ अपना महत्वपूर्ण स्थान बना रहा है।<br>(ख) तेनालीरामन ने दंड से बचने के लिए कौन -से चतुर बहाने बनाए ?राजा ने क्यों अपना दंड वापिस ले लिया ?<br>उत्तर: तेनालीरामन ने दो चतुर बहाने बनाए। पहले उन्होंने कहा कि उनके बालों पर पाँच हज़ार अशर्फियों का कर्ज है, इसलिए जब तक वह चुकता नहीं होता, वे मुंडन नहीं करा सकते। फिर उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता अब राजा और रानी हैं, और जब तक वे जीवित हैं, वे मुंडन नहीं करा सकते। राजा ने अपनी मृत्यु के डर से दंड वापिस ले लिया । | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) पाठ'कविता का कमाल' में मदन कविता सुनाने कहाँ व क्यों जा रहा था? <br> उत्तर मदन कविता सुनाने राजमहल जा रहा था क्योंकि राजा ने यह घोषणा करवाईथी कि सबसे अच्छी कविता सुनाने वाले को सौ अशर्फ़ियाँ इनाम में दी जाएँगीं। वह गरीब था व माँ ने उसे धन कमाने के लिए बोला था। इसलिए इनाम पाने की इच्छा से उसने कविता बनाई व उसे राजा के दरबार में सुनाने का निर्णय लिया। | |
| | भाग- घ लेखन कौशल | |
| प्रश्न**12** | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें। <br> अपने दादाजी को अपनी नई अभिरूचि के बारे में बताने के लिए पत्र लिखें। <br> या <br> चाचाजी को अपने विदयालय की खेल गतिविधियों के बारे में बताते हुए पत्र लिखें। <br> छात्र अपनी रचनात्मकता से स्वयं लिखेंगे। | |

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/